विज्ञान

आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन बिहटा

(अध्याय – 4) (वस्तुओं के समूह बनाना)

(कक्षा – 6)

अभ्यास

प्रश्न 1:

लकड़ी से बनाई जा सकने वाली पाँच वस्तुओं के नाम लिखिए।

उत्तर 1:

मेज, कुर्सी, पलंग, दरवाजे, बैलगाड़ी

प्रश्न 2:

निम्नलिखित में से चमकदार पदार्थों का चयन कीजिए:
काँच की प्याली, प्लास्टिक का खिलौना, स्टील का चम्मच, सूती कमीज

उत्तर 2:

काँच की प्याली और स्टील का चम्मच

प्रश्न 3:

निम्नलिखित वस्तुओं का मिलान उन पदार्थों से कीजिए जिनसे उन्हें बनाया जा सकता है। याद रखिये कोई वस्तु एक से अधिक पदार्थों से भी मिलकर बनी हो सकती है तथा किसी दिए पदार्थ का उपयोग बहुत-सी वस्तुओं को बनाने में भी किया जा सकता है।

वस्तुएँ	पदार्थ
पुस्तक	काँच
गिलास	लकड़ी
कुर्सी	कागज
खिलौना	चमड़ा
जूते	प्लास्टिक

उत्तर 3:

वस्तुएँ	पदार्थ
पुस्तक	कागज
गिलास	काँच, प्लास्टिक
कुर्सी	लकड़ी, प्लास्टिक
खिलौना	लकड़ी, प्लास्टिक
जूते	चमड़ा, प्लास्टिक

प्रश्न 4:

नीचे दिए गए कथन सत्य हैं अथवा असत्य। इसका उल्लेख कीजिए:
(क) पत्थर पारदर्शी होता है जबकि काँच अपारदर्शी होता है।
(ख) नोटबुक में द्युति होती है जबकि रबर (इरेजर) में नहीं होती।
(ग) चाक जल में विलीन हो जाता है।
(घ) लकड़ी का टुकड़ा जल पर तैरता है।
(ड़) चीनी जल में विलीन नहीं होती।
(च) तेल जल के साथ मिश्रणीय है।
(छ) बालू (रेत) जल में निःसादित हो जाता है।
(ज) सिरका जल में विलीन हो जाता है।

Scanned with CamScanner

उत्तर 4:

(क) पत्थर पारदर्शी होता है जबकि काँच अपारदर्शी होता है।	(असत्य)
(ख) नोटबुक में द्युति होती है जबकि रबर (इरेजर) में नहीं होती।	(असत्य)
(ग) चाक जल में विलीन हो जाता है।	(असत्य)
(घ) लकड़ी का टुकड़ा जल पर तैरता है।	(सत्य)
(ड़) चीनी जल में विलीन नहीं होती।	(असत्य)
(च) तेल जल के साथ मिश्रणीय है।	(असत्य)
(छ) बालू (रेत) जल में निःसादित हो जाता है।	(सत्य)
(ज) सिरका जल में विलीन हो जाता है।	(सत्य)

प्रश्न 5:

नीचे कुछ वस्तुओं तथा पदार्थों के नाम दिए गए हैं: जल, बास्केट बाल, संतरा, चीनी, ग्लोब, सेब तथा मिट्टी का घड़ा इनको इस प्रकार, समूहित कीजिए: (क) गोल आकृति तथा अन्य आकृतियाँ (ख) खाद्य तथा अखाद्य

उत्तर 5:

(क)
- गोल आकृतियाँ : बास्केट बाल, संतरा, ग्लोब, सेब और मिट्टी का घड़ा
- अन्य आकृतियाँ : पानी और चीनी

(ख)
- खाद्य : पानी, संतरा, चीनी और सेब
- अखाद्य : बास्केट बाल, ग्लोब और मिट्टी का घड़ा

प्रश्न 6:

जल में तैरने वाली जिन वस्तुओं को आप जानते हैं उनकी सूची बनाइए। जाँच कीजिए और देखिए कि क्या वे तेल अथवा मिट्टी के तेल पर तैरती हैं।

उत्तर 6:

लकड़ी टुकड़ा, कागज, गुब्बारा, गेंद, प्लास्टिक की बोतल, नाव आदि पानी पर तैरेंगे। इनमें से कुछ जैसे गेंद, गुब्बारा मिट्टी के तेल या तेल पर तैर सकते हैं।
कुछ प्रकार की लकड़ियाँ तेल की तुलना में अधिक भारी होती हैं लेकिन पानी से हल्की होती हैं, इसलिए यह पानी पर तैरता है लेकिन मिट्टी के तेल पर नहीं।

प्रश्न 7:

निम्नलिखित समूह में मेल न खाने वाला ज्ञात कीजिए:
(क) कुर्सी, पलंग, मेज, बच्चा, अलमारी
(ख) गुलाब, चमेली, नाव, गेंदा, कमल
(ग) ऐलुमिनियम, आयरन, ताँबा, चाँदी, रेत
(घ) चीनी, नमक, रेत, कॉपर सल्फेट

उत्तर 7:

(क) बच्चा: यहाँ बच्चा जीव है जबकि शेष निर्जीव वस्तुओं (लकड़ी) से बनी हैं।
(ख) नाव: क्योंकि शेष सभी फूल है।
(ग) रेत: क्योंकि शेष सभी धातुएँ हैं।
(घ) रेत: क्योंकि शेष सभी क्रिस्टल रूप में हैं। इसके अतिरिक्त रेत को छोड़कर शेष सभी पानी में घुलनशील हैं।

Scanned with CamScanner